भारत सरकार
विदेश मंत्रालय
राज्य सभा
तारांकित प्रश्न संख्या 220
दिनांक 20.03.2025 को उत्तर दिए जाने के लिए

नागरिकों द्वारा भारतीय नागरिकता छोड़ा जाना

220.श्री नीरज डांगीः

क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत दो वर्षों के दौरान अपनी भारतीय नागरिकता छोड़ने वाले भारतीय नागरिकों की वर्ष-वार और राज्य-वार संख्या कितनी है;
(ख) भारतीयों द्वारा किन-किन देशों की नागरिकता ग्रहण की गई है, तत्संबंधी देश-वार ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या भारतीयों द्वारा विदेश में पलायन किए जाने के मुख्य कारण शिक्षा/रोजगार एवं व्यावसायिक अवसरों की कमी से संबंधित हैं;
(घ) यदि हां, तो सरकार द्वारा किए गए प्रयासों में विफलता के क्या कारण हैं; और
(ङ) सरकार द्वारा भारतीयों के विदेशों में पलायन की रोकथाम हेतु क्या पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं?

उत्तर

विदेश राज्य मंत्री
(श्री पबित्र मार्गेरिटा)

(क) से (ङ): विवरण सदन पटल पर रख दिया गया है।

नागरिकों द्वारा भारतीय नागरिकता छोड़े जाने के संबंध में श्री नीरज डांगी द्वारा पूछे गए दिनांक 20.03.2025 के राज्य सभा तारांकित प्रश्न संख्या 220 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क) से (ङ): मंत्रालय के पास उपलब्ध जानकारी के अनुसार, अपनी भारतीय नागरिकता छोड़ने वाले भारतीयों की संख्या 2,16,219 (2023 में) और 2,06,378 (2024 में) थी। संदर्भ उद्देश्य के लिए आंकड़े निम्नानुसार हैंः 1,22,819 (2011 में); 1,20,923 (2012 में); 1,31,405 (2013 में); 1,29,328 (2014 में); 1,31,489 (2015 में); 1,41,603 (2016 में); 1,33,049 (2017 में); 1,34,561 (2018 में); 1,44,017 (2019 में); 85,256 (2020 में); 1,63,370 (2021 में); 2,25,620 (2022 में)। विदेशी नागरिकता के लिए भारतीय नागरिकता त्यागने वाले लोगों का राज्यवार वितरण उपलब्ध नहीं है।

जिन देशों की नागरिकता भारतीयों द्वारा ग्रहण की गई है, उनकी सूची अनुबंध-I में दी गई है।

भारतीय नागरिकता त्यागने या विदेशी नागरिकता ग्रहण करने के कारण व्यक्तिगत होते हैं और ये केवल संबंधित व्यक्ति को ही पता होते हैं। सरकार ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था के युग में वैश्विक कार्यस्थल की क्षमता को समझती है। इस दृष्टिकोण से भारतीय प्रवासियों के साथ हमारे संबंधों में भी एक मूलभूत परिवर्तन आया है। एक सफल, समृद्ध और प्रभावशाली प्रवासी समुदाय भारत के लिए एक परिसंपत्ति है। भारत अपने प्रवासी नेटवर्क का सदुपयोग करके और ऐसे समृद्ध प्रवासी समुदाय से प्राप्त होने वाली सॉफ्ट पावर के उत्पादक उपयोग से काफी कुछ हासिल कर सकता है। सरकार के प्रयासों का उद्देश्य ज्ञान और विशेषज्ञता के आदान-प्रदान सहित प्रवासी समुदाय की क्षमता का पूरा उपयोग करना है।

अनुबंध- **I**

उन देशों की सूची जिनकी नागरिकता भारतीयों द्वारा ग्रहण की गई

क्र.सं.	**देश**	**क्र.सं.**	**देश**	**क्र.सं.**	**देश**
1	अल्बानिया	46	जर्मनी	91	पाकिस्तान
2	अल्जीरिया	47	घाना	92	पनामा
3	एंडोरा	48	यूनान	93	पापुआ न्यू गिनी
4	अंगोला	49	ग्रेनेडा	94	पराग्वे
5	एंटीगुआ एवं बारबुडा	50	ग्वाटेमाला	95	पेरू
6	अर्जेंटीना	51	गुयाना	96	फिलीपींस
7	आर्मीनिया	52	हंगरी	97	पोलैंड
8	ऑस्ट्रेलिया	53	आइसलैंड	98	पुर्तगाल
9	ऑस्ट्रिया	54	इंडोनेशिया	99	कतर
10	अजरबैजान	55	ईरान	100	कोरिया गणराज्य
11	बहामास	56	इराक	101	रोमानिया
12	बहरीन	57	आयरलैंड	102	रूस
13	बांग्लादेश	58	इजराइल	103	सेंट किट्स एवं नेविस
14	बेलारूस	59	इटली	104	सेंट लूसिया
15	बेल्जियम	60	जमैका	105	सऊदी अरब
16	बेलीज़	61	जापान	106	सर्बिया
17	बोलीविया	62	जॉर्डन	107	सेशेल्स
18	बोस्निया एवं हर्जेगोविना	63	कजाखस्तान	108	सिंगापुर
19	बोत्सवाना	64	केन्या	109	स्लोवाक गणराज्य
20	ब्राज़ील	65	कुवैत	110	स्लोवेनिया
21	ब्रुनेई	66	किर्गिस्तान	111	दक्षिण अफ्रीका
22	बुल्गारिया	67	लाओस	112	स्पेन
23	कंबोडिया	68	लातविया	113	श्रीलंका
24	कनाडा	69	लिथुआनिया	114	सूडान
25	चिली	70	लक्समबर्ग	115	सूरीनाम
26	चीन	71	मेडागास्कर	116	स्वीडन
27	कोलंबिया	72	मलावी	117	स्विट्ज़रलैंड
28	कोमोरोस	73	मलेशिया	118	तंजानिया
29	कोस्टा रिका	74	मालदीव	119	थाईलैंड
30	क्रोएशिया	75	माली	120	होली सी (वेटिकन सिटी स्टेट)
31	साइप्रस	76	माल्टा	121	नीदरलैंड
32	चेक गणराज्य	77	मॉरीशस	122	टोंगा
33	डेनमार्क	78	मेक्सिको	123	त्रिनिदाद एवं टोबैगो
34	डोमिनिका	79	मोलदोवा	124	तुर्किये
35	द डोमिनिकन रिपब्लिक	80	मंगोलिया	125	संयुक्त अरब अमीरात
36	इक्वाडोर	81	मोरक्को	126	युगांडा
37	मिस्र	82	मोज़ाम्बिक	127	यूके
38	एस्तोनिया	83	म्यांमार	128	यूक्रेन
39	एस्वातीनी	84	नामिबिया	129	उरुग्वे
40	इथियोपिया	85	नेपाल	130	संयुक्त राज्य अमेरिका
41	फिजी	86	न्यूज़ीलैंड	131	वानुअतु
42	फिनलैंड	87	नाइजीरिया	132	वियतनाम

43	फ्रांस	88	उत्तर मैसेडोनिया	133	यमन
44	गैबॉन	89	नॉर्वे	134	जाम्बिया
45	जॉर्जिया	90	ओमान	135	ज़िम्बाब्वे

*****